Ans. (d) राजस्थान शुष्क जलवायु प्रधान राज्य है। यहाँ पर मोटे अनाज एवं सरसों इत्यादि की सर्वाधिक खेती की जाती है। राज्य का 'पश्चिमी भाग' सर्वाधिक शुष्क खेती करने वाला भाग है, जिसके जैसलमेर, बाड़मेर का उत्तरी भाग, बीकानेर का पश्चिमी भाग तथा दक्षिणी गंगानगर जिले इसके अन्तर्गत आते हैं।

1483. राजस्थान में कृषि गणना कब की जाती है?

(a) प्रति 10 वर्ष (b) प्रति 5 वर्ष
(c) प्रति 3 वर्ष (d) नियमित नहीं

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (b) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के सहयोग से प्रति पाँचवें वर्ष भारत में कृषि जनगणना आयोजित करता है। 1970–71 में पहली कृषि जनगणना शुरू की गई थी। वर्तमान जनगणना वर्ष 2020–21 के सन्दर्भ में 11वीं होगी। कोविड-19 कारण इस कार्य मे देरी हो गयी है।

1484. राजस्थान के चार प्रमुख चावल उत्पादक जिले हैं।-

(a) हनुमानगढ़, बाँसवाड़ा, बूँदी और डूगरपुर
(b) गंगानगर, हनुमानगढ़, अजमेर और बाँसवाड़ा
(c) कोटा, बूँदी, डूँगरपुर और टोंक
(d) अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक और बूँदी

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (a) चावल उष्ण कटिबंधीय फसल है। इसके लिए 20° से 27° सेंटीग्रेड तक तापमान तथा 125 से 200 सेमी. वर्षा की जरूरत होती है। वर्तमान में राजस्थान में जापानी पद्धति से चावल की कृषि की जाती है। राजस्थान में प्रमुख चावल उत्पादक जिले हनुमानगढ़, बाँसवाड़ा, बूंदी, डूंगरपुर, बारां, उदयपुर एवं गंगानगर है। राजस्थान का लगभग आधा चावल उत्पादन केवल दो जिलों हनुमानगढ़ एवं बांसवाड़ा में होता है।

1485. राजस्थान के दो अग्रणी कपास उत्पादक जिले हैं।

(a) अलवर और भरतपुर
(b) कोटा और बारां
(c) जयपुर और दौसा
(d) गंगानगर और हनुमानगढ़

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (d) राजस्थान में अग्रणी कपास उत्पादक जिले गंगानगर, हनुमानगढ़, अजमेर, भीलवाड़ा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, पाली, कोटा, बूंदी इत्यादि है। कपास को सफेद सोना भी कहते हैं। कपास मूलतः भारतीय पौधा है, इसके उत्पादन का सर्वप्रथम प्रमाण हड़प्पा सभ्यता में मिलता है।

1486. राजस्थान में एम्बेस्टॉस उत्पादक के दो अग्रणी जिले हैं-

(a) चित्तौड़गढ़ और राजसमंद
(b) उदयपुर और डूँगरपुर
(c) प्रतापगढ़ और कोटा
(d) भीलवाड़ा और टोंक

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (b) राजस्थान में एम्बेस्टॉस उत्पादक के दो अग्रणी जिले उदयपुर एवं डूँगरपुर है। देश का लगभग 80-90 प्रतिशत एस्बेस्टॉस राजस्थान में मिलता है। उदयपुर के ऋषभदेव, खेरवाड़ा, सलूम्बर में एस्बेस्टॉस का खनन सर्वाधिक होता है।

1487. राजस्थान में 2013 में सीमेंट (सभी किस्म की) का आर्थिक उत्पादन लगभग कितना हुआ-

(a) 100.3 लाख टन (b) 180.4 लाख टन
(c) 192.4 लाख टन (d) 194.3 लाख टन

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (c) राजस्थान में 2013 में सीमेंट (सभी किस्म की) का आर्थिक उत्पादन लगभग 192.4 लाख टन हुआ। राज्य में सीमेंट उद्योग के लिए सबसे अनुकूल परिस्थितियों चित्तौड़गड़ एवं सवाई माधोपुर में है। राजस्थान में सर्वप्रथम सीमेंट कारखानें की शुरूआत ACC कम्पनी द्वारा लाबेरी (बूंदी) में की गयी।

1488. राजस्थान का लगभग 30 प्रतिशत सरसों उत्पादन क्षेत्र केन्द्रित है-

(a) गंगानगर क्षेत्र में
(b) कोटा क्षेत्र में
(c) भरतपुर क्षेत्र में
(d) जयपुर क्षेत्र में

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (c) राजस्थान में लगभग 30% सरसों उत्पादन क्षेत्र भरतपुर में केन्द्रित है। केन्द्रीय सरसों अनुसंधान संस्थान सेवर, भरतपुर में 1993 ई. में स्थापित किया गया। राजस्थान में जयपुर जिला मूंगफली उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।

1489. राजस्थान में सोयाबीन का लगभग सम्पूर्ण उत्पादन क्षेत्र केन्द्रित है-

(a) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में
(b) दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में
(c) दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में
(d) मध्यवर्ती क्षेत्र में

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (b) सोयाबीन का उत्पादन राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र में होता है। राजस्थान में बारां जिला सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादक जिला है। देश में सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादन करने वाला राज्य मध्य प्रदेश है। सोयाबीन में प्रोटीन की मात्रा सर्वाधिक होती है, इसमें 42% तक प्रोटीन की मात्रा पाई जाती है।

1490. 2020-21 के दौरान राजस्थान में कुल खाद्यान्न उत्पादन है

(a) 239 लाख टन (b) 249 लाख टन
(c) 259 लाख टन (d) 269 लाख टन

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (d) : वर्ष 2020-21 के दौरान राजस्थान में कुल खाद्यान्न का उत्पादन 269.09 लाख टन था। 2020-21 के दौरान राजस्थान में खाद्यान्न उत्पादन के आंकड़े निम्नवत् है–
कुल खाद्यान्न उत्पादन – 269.09 लाख टन
रबी खाद्यान्न उत्पादन – 152.76 लाख टन
खरीफ खाद्यान्न का उत्पादन 116.33 लाख टन
वर्ष 2022-23 के दौरान राजस्थान में कुल खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान 253.99 लाख टन रखा गया है।

1491. निम्नलिखित में से मावठ द्वारा लाभार्थी फसल कौन सी नहीं है?

(a) चना (b) गेहूँ
(c) मूंगफली (d) सरसो

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22